REVIEW OF RESEARCH
IMPACT FACTOR : 5.7631(UIF) UGC APPROVED JOURNAL NO. 48514 ISSN: 2249-894X
VOLUME - 7 | ISSUE - 11 | AUGUST - 2018

# विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा का उनके समायोजन पर प्रभावः एक अध्ययन

डॉ. सुनीता भार्गव[1] , मोनिका भारद्वाज[2]
[1]प्राचार्य , संजय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जयपुर, राजस्थान.
[2]शोधार्थी , शिक्षा विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय , जयपुर, राजस्थान.

**सारांश–**

प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य किशोर विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना था। अध्ययन हेतु राजस्थान राज्य के जयपुर जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत उच्च माध्यमिक स्तर के 500 किशोर विद्यार्थियों का यादृच्छिक विधि से चयन किया गया। न्यादर्श में बालक एवं बालिकाओं की संख्या समान रखी गयी। दत्त संकलन हेतु वी.पी. भार्गव द्वारा विकसित ‘अचीवमेंट मोटिवेशन स्केल’ एवं ए.के.पी. सिन्हा एवं आर.पी सिंह द्वारा विकसित ‘एडजस्टमेंट इन्वेंटरी फॉर स्कूल स्टूडेंट्स’ का प्रयोग किया गया। आंकड़ों के विश्लेषण हेतु प्रतिगमन विश्लेषण गुणांक का प्रयोग किया गया। शोध से निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को सार्थक उच्च धनात्मक रूप से प्रभावित करती हैं।



**प्रमुख शब्द–** उपलब्धि अभिप्रेरणा, समायोजन, किशोर विद्यार्थी।

## प्रस्तावना–

अभिप्रेरणा व्यक्ति की वह आतंरिक अवस्था है जो कुछ क्रियाएं उत्पन्न करके उसके व्यवहार को विशेष दिशा में उद्देश्य की प्राप्ति की ओर अग्रसारित करती है। अभिप्रेरणा एक ऐसा कारक है जिससे सभी अभिरुचि रखते हैं, क्योंकि किसी भी कार्य के संपादन हेतु गतिशील होना आवश्यक है। व्यक्ति जीवन के नियत कार्य, क्रिया आदि में निरंतरता बनाये रखने हेतु उर्जा स्त्रोत खोजने एवं प्रयासों को चलायमान रखने हेतु संघर्ष करता है तथा इस हेतु कुछ बाह्य एवं आतंरिक कारकों का सहयोग प्राप्त करता है। ये कारक व्यक्ति को चलायमान रखने में सहायक होते हैं तथा कार्य के प्रति रुचि, निष्ठा एवं लगन बनाये रखने एवं विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। ये कारक बाह्य जैसे– प्रशंसा, मूल्यांकन, पुरस्कार आदि तथा आतंरिक कारक जैसे– रुचि, उत्सुकता, नियम–पालन आदि हैं। सामान्य तौर पर व्यक्ति आतंरिक कारकों से अभिप्रेरित होता है। जीवन में उपलब्धि प्राप्त करने की अभिप्रेरणा आतंरिक कारकों से अधिक प्रभावित होती है। (Deci E. , 1972)

समायोजन का बच्चों के जीवन में अत्यधिक योगदान है। वस्तुतः यह एक सहयोगी सामाजिक प्रकिया है जो समाज में व्यक्ति या समूह को जोड़ने का कार्य करती है। यह संघर्ष से सहयोग की ओर बढ़ने का प्रथम चरण है। जब भी दो विरोधी पक्ष प्रतिस्पर्धा या संघर्ष समाप्त करके सहयोग करना चाहते हैं तो सर्वप्रथम वे एक दूसरे से समायोजन स्थापित करते हैं। व्यक्ति या समूह की यह स्वाभाविक प्रवृत्ति रही है कि वे संघर्ष को पसंद नहीं करते या हमेशा संघर्ष या प्रतियोगिता नहीं कर सकते हैं। इसी संघर्ष की स्थिति को टालने के लिए जो समझौता किया जाता है, उसे ही समायोजन कहते हैं। यह समायोजन संघर्षरत व्यक्तियों के बीच या तो स्वयं या किसी मध्यस्थ के द्वारा स्थापित किया जाता है।

आतंरिक एवं बाह्य अभिप्रेरणा ही विद्यार्थी को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने को प्रेरित करती है। यही अभिप्रेरणा उपलब्धि अभिप्रेरणा कहलाती है। प्रश्न यह है कि क्या उपलब्धि अभिप्रेरणा का विद्यार्थियों के समायोजन पर कोई प्रभाव पड़ता है।

## सम्बंधित साहित्य का अध्ययन-

**Nisa, Qasim, & Sehar, (2017)** द्वारा कश्मीर के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं उपलब्धि अभिप्रेरणा के मध्य सम्बन्ध ज्ञात करने हेतु अध्ययन किया गया। कश्मीर के सभी जिलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से 210

विद्यार्थियों का यादृच्छिक तकनीक से चयन किया गया। Deo Mohan achievement motivation scale (Deo & Mohan, 2002) तथा Ryff's psychological wellbeing test (Ryff, 1995) के माध्यम से दत्त संकलन किया गया। विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं उपलब्धि अभिप्रेरणा में सार्थक सकारात्मक सम्बन्ध है।

**Zhao, Jia, & Maes, (2018)** द्वारा संज्ञानात्मक नियंत्रण अनुकूलन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा के प्रभाव का अध्ययन किया गया। प्रयोगात्मक शोध में प्रथम परीक्षण हेतु 30 एवं द्वितीय परीक्षण हेतु 29 विद्यार्थी चयनित किये गये। आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि संज्ञानात्मक नियंत्रण अनुलूलन्-उपलब्धि-अभिप्रेरणा से नियंत्रित किया जा सकता है।

## शोध की आवश्यकता एवं महत्त्व–

किशोर विद्यार्थियों के विकास में समायोजन का बहुत महत्त्व है। समायोजित बालक–बालिका जीवन की चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकते हैं। किशोर विद्यार्थियों में उपलब्धि प्राप्त करने की आकांक्षा भी तीव्र होती है और वे इस हेतु निरंतर प्रयासरत रहते हैं। नीति आयोग के प्रतिवेदन से ज्ञात होता है कि उच्च उपलब्धि अभिप्रेरणा वाले विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं और उनका सामाजिक दायरा भी विस्तृत होता है (Neeti Ayog, 2015) । ऐसे में यह विचार स्वाभाविक है कि क्या किशोर विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को प्रभावित करती है। और यदि करती है तो कितना और किस रूप में करती है। इस ज्ञान का उपयोग अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों के समायोजन एवं उपलब्धि अभिप्रेरणा का अध्ययन करने में किया जा सकता है। इस प्रकार शोधकर्त्री की दृष्टि में प्रस्तुत शोधकार्य आवश्यक एवं औचित्यपूर्ण है।

## शोध के उद्देश्य–

1- किशोर विद्यार्थियों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा के प्रभाव का अध्ययन करना।
2- किशोर बालकों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा के प्रभाव का अध्ययन करना।
3- किशोर बालिकाओं के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा के प्रभाव का अध्ययन करना।

## शोध परिकल्पना–

1- किशोर विद्यार्थियों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाता है।
2- किशोर बालकों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाता है।
3- किशोर बालिकाओं के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाता है।

## न्यादर्श–

राजस्थान (भारत) राज्य के जयपुर जिले में स्थित विद्यालयों के उच्च माध्यमिक स्तर के 500 विद्यार्थियों का चयन यादृच्छिक विधि से किया गया। न्यादर्श में बालक एवं बालिकाओं की संख्या समान (250) रखी गयी।

## उपकरण–

1–वी.पी. भार्गव द्वारा विकसित 'अचीवमेंट मोटिवेशन स्केल'।
2–ए.के.पी. सिन्हा एवं आर.पी सिंह द्वारा विकसित 'एडजस्टमेंट इन्वेंटरी फॉर स्कूल स्टूडेंट्स'।

## सांख्यिकीय विश्लेषण–

**तालिका संख्या 1**
**किशोर विद्यार्थियों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का प्रभाव**

| न्यादर्श | बहु–सहसंबंध गुणांक | आर–वर्ग गुणांक | प्रतिगमन गुणांक | | p मान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Intercept | Slope | Intercept | Slope |
| 500 | 0.79 | 0.74 | 0.32 | 0.11 | 0.024 | 0.035 |

तालिका संख्या 1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि किशोर विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को उच्च धनात्मक रूप से प्रभावित करती है। आर–वर्ग गुणांक से ज्ञात होता है कि किशोर विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा का उनके समायोजन पर 74 प्रतिशत धनात्मक प्रभाव पड़ता है। गणना से प्राप्त प्रतिगमन विश्लेषण के Intercept एवं Slope दोनों सार्थक हैं ($p<0.05$)। अर्थात किशोर विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को सार्थक उच्च धनात्मक रूप से प्रभावित करती है।

तालिका संख्या 2

किशोर बालकों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का प्रभाव

| न्यादर्श | बहु–सहसंबंध गुणांक | आर–वर्ग गुणांक | प्रतिगमन गुणांक | | p मान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Intercept | Slope | Intercept | Slope |
| 250 | 084 | 0.81 | 0.43 | 0.16 | 0.002 | 0.018 |

तालिका संख्या 2 के अवलोकन से स्पष्ट है कि किशोर बालकों की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को उच्च धनात्मक रूप से प्रभावित करती है। आर–वर्ग गुणांक से ज्ञात होता है कि किशोर बालकों की उपलब्धि अभिप्रेरणा का उनके समायोजन पर 81 प्रतिशत धनात्मक प्रभाव पड़ता है। गणना से प्राप्त प्रतिगमन विश्लेषण के Intercept एवं Slope दोनों सार्थक हैं ($p<0.05$)। अर्थात किशोर बालकों की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को सार्थक उच्च धनात्मक रूप से प्रभावित करती है।

तालिका संख्या 3

किशोर बालिकाओं के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का प्रभाव

| न्यादर्श | बहु–सहसंबंध गुणांक | आर–वर्ग गुणांक | प्रतिगमन गुणांक | | p मान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Intercept | Slope | Intercept | Slope |
| 250 | 0.79 | 0.76 | 0.38 | 0.11 | 0.035 | 0.012 |

तालिका संख्या 3 के अवलोकन से स्पष्ट है कि किशोर बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को उच्च धनात्मक रूप से प्रभावित करती है। आर–वर्ग गुणांक से ज्ञात होता है कि किशोर बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा का उनके समायोजन पर 76 प्रतिशत धनात्मक प्रभाव पड़ता है। गणना से प्राप्त प्रतिगमन विश्लेषण के Intercept एवं Slope दोनों सार्थक हैं ($p<0.05$)। अर्थात किशोर बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा उनके समायोजन को सार्थक उच्च धनात्मक रूप से प्रभावित करती है।

## निष्कर्ष–

1- किशोर विद्यार्थियों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का सार्थक एवं उच्च धनात्मक प्रभाव पाया जाता है।
2- किशोर बालकों के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का सार्थक एवं उच्च धनात्मक प्रभाव पाया जाता है।
3- किशोर बालिकाओं के समायोजन पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का सार्थक एवं उच्च धनात्मक प्रभाव पाया जाता है।

## सन्दर्भ–

Deci, E. (1972). Intrinsic Motivation, Extrinsic Reinforcement and Inequity. Journal of Personality and Social Psychology, 22(1), 113-120.

Neeti Ayog. (2015). Anual Report. New Delhi: Government of India.

Nisa, S., Qasim, N., & Sehar. (2017). Relationship of Achievement Motivation and Psychological Well-Being in Adolescents. International Journal of Applied Research, 3(12), 102-104. Retrieved from https://www.researchgate.net/publication/323336024_Relationship_of_achievement_motivation_and_psychological_well-being_in_adolescents on June 11, 2018.

Zhao, X., Jia, L., & Maes, J. (2018). Effect of Achievement Motivation on cognitive Control Adaptations. Journal of Cognitive Psychology, 30(4), 453-465.